Adda247
GET IT ON Google Play

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/03/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** दो मित्रों मोहन और डेविड की मासिक आय का अनुपात क्रमशः 6 : 7 है और दोनों प्रत्येक माह ₹69,000 (प्रत्येक) की बचत करते हैं। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 3 है, तो मोहन की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. 1,04,500
✗ B. 1,02,500
✗ C. 1,44,900
✓ D. 1,03,500

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता, भारत में पाई जाने वाली जलोढ़ मृदा की विशेषता नहीं है?

**Ans**
✓ A. यह मुख्यतः दक्कन पठार में पायी जाती है।
✗ B. इसमें मुख्यतः रेत, गाद और मृत्तिका होती है।
✗ C. इसमें पोटैशियम प्रचुर मात्रा में होता है।
✗ D. यह अत्यधिक उपजाऊ होती है।

**Q.3** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) K { J % I + H = G * F / D : - ! B C ? A # (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक दूसरा अक्षर है?

**Ans**
✓ A. सात
✗ B. तीन
✗ C. दो
✗ D. चार

**Q.4** भारत ने 1947 के बाद विभिन्न क्षेत्रकों के विकास को संतुलित करने के लिए कौन-सी आर्थिक प्रणाली अपनाई थी?

**Ans**
✓ A. मिश्रित अर्थव्यवस्था
✗ B. शुद्ध पूँजीवाद
✗ C. शुद्ध समाजवाद
✗ D. निर्देशित अर्थव्यवस्था

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.5 यदि किसी आंकड़े का बहुलक उसके माध्य से 26.7 अधिक है, तो बहुलक, माध्यिका से _____ अधिक होगा। (उत्तर ज्ञात करने के लिए मूलानुपाती सूत्र का प्रयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 12.4
- ✓ B. 17.8
- ✗ C. 8.5
- ✗ D. 10.5

Q.6 निम्नलिखित में से कौन, वर्धन शासक हर्ष का राज-कवि था?

Ans
- ✗ A. कलाशोक (Kalashoka)
- ✓ B. बाणभट्ट (Banabhatta)
- ✗ C. हरिशेना (Harishena)
- ✗ D. वसुमित्र (Vasumitra)

Q.7 13 नवंबर, 2025 के आदेश के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के निकट खनन गतिविधियों को संकटकारी क्यों माना?

Ans
- ✓ A. क्योंकि वे वन्यजीवों के लिए खतरनाक हैं
- ✗ B. क्योंकि वे पर्यटन बढ़ाते हैं
- ✗ C. क्योंकि वे जल स्रोत बनाते हैं
- ✗ D. क्योंकि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी चम्मच, फॉर्क हैं। सभी फॉर्क, कप हैं। कुछ चम्मच, प्लेट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ फॉर्क, प्लेट हैं।
(II) कुछ कप, प्लेट हैं।

Ans
- ✓ A. निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Q.9 विकल्पों में दिए गए a, b, c के कौन-से मान निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करते हैं?

$$3a - 4b + 2c = -9$$

$$-4a + 4b + 10c = 32$$

$$-a + 2b - 7c = -7$$

Ans
- ✗ A. (3, 2, 2)
- ✗ B. (5, 1, 1)
- ✗ C. (2, 1, 4)
- ✓ D. (1, 4, 2)

Q.10 किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 63 का संबंध 159 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 44 का संबंध 102 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 57 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✓ A. 141
- ✗ B. 139
- ✗ C. 152
- ✗ D. 127

**Q.11** वर्तमान में किस राज्य में जंगल महल विद्रोह (Jungle Mahal Uprising) हुआ था, जिसे भूमिज विद्रोह (Bhumij Revolt) के नाम से भी जाना जाता है?

**Ans**
- ✔ A. पश्चिम बंगाल
- ✗ B. ओडिशा
- ✗ C. झारखंड
- ✗ D. बिहार

**Q.12** A, B, C, D, E और F में से प्रत्येक का बैडमिंटन मैच सोमवार से शुरू होकर शनिवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होता है। C का मैच शुक्रवार को है। C और F के बीच केवल तीन व्यक्तियों के मैच हैं। D का मैच E के ठीक बाद लेकिन B से ठीक पहले है। E का मैच सप्ताह के किस दिन है?

**Ans**
- ✗ A. बुधवार
- ✗ B. सोमवार
- ✔ C. मंगलवार
- ✗ D. गुरुवार

**Q.13** सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक करके रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों। F को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा जाता है। F और D के बीच केवल तीन बॉक्स रखे जाते हैं। G को F के नीचे किसी एक स्थान पर रखा जाता है। D और B के बीच केवल E को रखा जाता है। A को D के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा जाता है। C के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans**
- ✗ A. 2
- ✗ B. 1
- ✔ C. 4
- ✗ D. 3

**Q.14** यदि $\operatorname{cosec}A = \frac{5}{3}$ है, तो $\frac{9(1+\cot^2 A)}{80(1-\sec A)(1+\sec A)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. $\frac{-5}{9}$
- ✗ B. $\frac{3}{7}$
- ✗ C. $\frac{-7}{9}$
- ✗ D. $\frac{5}{7}$

**Q.15** यदि वृत्त का व्यास 14 cm है, तो वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 22 cm
- ✔ B. 44 cm
- ✗ C. 36 cm
- ✗ D. 24 cm

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) भारत के केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए घोषित किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. ₹13.5 लाख करोड़
- ✔ B. ₹11.21 लाख करोड़
- ✗ C. ₹10.0 लाख करोड़
- ✗ D. ₹8 लाख करोड़

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित में से किस शासक ने 1321 में तुगलकाबाद किले का निर्माण करवाया था? | |
| Ans | ✗ A. फिरोज शाह तुगलक<br>✗ B. अलाउद्दीन खिलजी<br>✗ C. मुहम्मद बिन तुगलक<br>✓ D. गियासुद्दीन तुगलक | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'BUST' को '3519' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LIDS' को '6894' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है? | |
| Ans | ✓ A. 9<br>✗ B. 4<br>✗ C. 6<br>✗ D. 1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | 2025 में, "माई ग्रेट स्टोरी: कल्चर्स एंड डेवलपमेंट" थीम के साथ, अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया गया था? | |
| Ans | ✗ A. 21 दिसंबर<br>✗ B. 20 दिसंबर<br>✓ C. 18 दिसंबर<br>✗ D. 19 दिसंबर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | दिसंबर 2025 में, किस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में भारत ने स्वच्छ ऊर्जा प्रगति और मिशन लाइफ (clean energy progress and Mission LiFE) पर प्रकाश डालते हुए अपना राष्ट्रीय वक्तव्य दिया? | |
| Ans | ✗ A. G20 शिखर सम्मेलन<br>✓ B. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (UNEA) का 7वां सत्र<br>✗ C. COP26 जलवायु शिखर सम्मेलन<br>✗ D. विश्व पर्यावरण दिवस 2024 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर ही की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br>(21, 52, 5)<br>(45, 138, 24) | |
| Ans | ✗ A. (11, 39, 9)<br>✓ B. (36, 74, 1)<br>✗ C. (17, 55, 11)<br>✗ D. (41, 117, 18) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>21 23 26 31 38 ? | |
| Ans | ✗ A. 51<br>✗ B. 47<br>✗ C. 53<br>✓ D. 49 | |

Adda247

Q.23 समूह A में 53 सदस्य, समूह B में 86 सदस्य और समूह C में 57 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्तरां में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य द्वारा खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹424, ₹337 और ₹122 है। प्रति सदस्य खर्च की गई समग्र औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 303
- ✗ B. 297
- ✗ C. 302
- ✓ D. 298

Q.24 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 28 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 28 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✓ D. 1

Q.25 निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा समूह रखने से यह तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
TRZ 2 RPX 5 PNV 8 NLT 11 ?

Ans
- ✗ A. MCA 15
- ✗ B. KDY 15
- ✗ C. AFU 14
- ✓ D. LJR 14

Q.26 यदि $a = 7 + 4\sqrt{3}$ है, तो $(a^3 + \frac{1}{a^3})$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $2702$
- ✗ B. $1560\sqrt{3}$
- ✗ C. $-2702$
- ✗ D. $-1560\sqrt{3}$

Q.27 भारत का कौन-सा पठारी क्षेत्र लौह अयस्क और कोयला संसाधनों दोनों में उल्लेखनीय रूप से समृद्ध है?

Ans
- ✗ A. पश्चिम-पूर्वी पठार क्षेत्र
- ✓ B. पूर्वोत्तर पठार क्षेत्र
- ✗ C. उत्तर-पश्चिमी पठार क्षेत्र
- ✗ D. दक्षिण-पश्चिमी पठार क्षेत्र

Q.28 एक उपयोगकर्ता गलती से ओवरराइट मोड ऑन कर देता है और प्रत्येक नया अक्षर पंक्ति में पुराने अक्षर को प्रतिस्थापित कर देता है। निम्न में से किस कुंजी के द्वारा इंसर्ट मोड और ओवरराइट मोड के बीच टॉगल किया जाता है?

Ans
- ✓ A. Ins
- ✗ B. Del
- ✗ C. Tab
- ✗ D. F5

Q.29 एक शंकु के आधार की त्रिज्या 6 cm और ऊँचाई 7 cm है। इसे जल से भरना है, और शंकु में प्रविष्ट किए गए प्रत्येक 180 cc जल के लिए, जल प्रविष्ट करते समय अतिरिक्त 20 cc जल छलक (या अधिक्षेपित हो जाता है) जाता है। यदि अधिक्षेप वर्णन के अनुसार समानुपाती है, तो शंकु को उसके किनारी (brim) तक भरने के लिए कितने जल (cc में) की आवश्यकता होगी? ($\pi$ = 22/7 का उपयोग कीजिए और अपना उत्तर दो दशमलव स्थानों तक सही दीजिए।)

Ans
- ✗ A. 283.33
- ✓ B. 293.33
- ✗ C. 295.67
- ✗ D. 296.67

Q.30 जब कोई मोटरगाड़ी तेज चाल से अचानक मोड़ लेती है, तो हम एक तरफ उछल जाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस परिघटना की व्याख्या करता है?

Ans
- ✓ A. जड़त्व नियम के कारण हमारा शरीर दिशा परिवर्तन का प्रतिरोध करता है।
- ✗ B. गुरुत्वीय बल विपरीत दिशा में कार्य करता है।
- ✗ C. सड़क और टायरों के बीच घर्षण कम हो जाता है।
- ✗ D. कार के अंदर वायु दाब में परिवर्तन हमें बाहर की ओर धकेलता है।

Q.31 उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्र मुख्य रूप से पृथ्वी के किस अक्षांशीय विस्तार तक सीमित है?

Ans
- ✗ A. 28.5°N और 28.5°S
- ✓ B. 23.5°N और 23.5°S
- ✗ C. 30.5°N और 30.5°S
- ✗ D. 13.5°N और 13.5°S

Q.32 द्विघात व्यंजक $Ax^2 + Bx + C = 0$ का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए, जहां $A < 0$ है।

Ans
- ✗ A. $\frac{AC - B^2}{4A}$
- ✓ B. $\frac{4AC - B^2}{4A}$
- ✗ C. $\frac{4AC - B^2}{4}$
- ✗ D. $\frac{B^2 - AC}{4A}$

Q.33 निम्नलिखित विकल्पों में से भारत के सबसे दक्षिणी परमाणु/नाभिकीय पावर स्टेशन की पहचान कीजिए।

Ans
- ✗ A. काकरापार एटॉमिक पावर स्टेशन (Kakrapar Atomic Power Station)
- ✗ B. मद्रास एटॉमिक पावर स्टेशन (Madras Atomic Power Station)
- ✓ C. कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर स्टेशन (Kudankulam Nuclear Power Station)
- ✗ D. नरौरा एटॉमिक पावर स्टेशन (Narora Atomic Power Station)

Q.34 कोई धनराशि किस वार्षिक साधारण ब्याज दर (प्रतिशत में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) से 18 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ A. 7.56
- ✗ B. 11.12
- ✗ C. 3.56
- ✓ D. 5.56

Adda247

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, वायु में ध्वनि की चाल के सबसे निकट है?

Ans
- ✔ A. 340 m/s
- ✗ B. 3400 km/s
- ✗ C. 12000 m/s
- ✗ D. 3 x 108 m/s

Q.36 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BITE' को '4568' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TIME' को '4826' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 8
- ✔ C. 2
- ✗ D. 6

Q.37 दो ट्रेनें, ट्रेन A और ट्रेन B, समानांतर पटरियों पर एक ही दिशा में चल रही हैं। ट्रेन A, जिसकी लंबाई 150 m है, 72 km/hr की चाल से चल रही है, जबकि ट्रेन B, जिसकी लंबाई 120 m है, 54 km/hr की चाल से चल रही है। ट्रेन A द्वारा ट्रेन B को पूरी तरह से ओवरटेक करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 58 सेकंड
- ✗ B. 50 सेकंड
- ✔ C. 54 सेकंड
- ✗ D. 52 सेकंड

Q.38 2025 में लॉन्च किया गया कौन-सा स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता में एक मील का पत्थर साबित हुआ, क्योंकि यह देश का पहला 1.0 GHz, 64-बिट ड्यूल-कोर प्रोसेसर था?

Ans
- ✗ A. SHAKTI-X64 माइक्रोप्रोसेसर
- ✔ B. DHRUV64 माइक्रोप्रोसेसर
- ✗ C. VEGA-64 स्वदेशी प्रोसेसर
- ✗ D. BHARAT-Core 64 माइक्रोप्रोसेसर

Q.39 समवर्ती सूची के विषय पर जब किसी राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधि संसदीय विधि से वैषम्य (clash) है, तो विधिक परिणाम क्या होता है?

Ans
- ✗ A. इस मामले का निपटारा सर्वोच्च न्यायालय के विनिर्णय के माध्यम से किया जाता है
- ✗ B. संसद, राज्य विधि को निष्प्रभावी करने के लिए बाध्य हो जाती है
- ✗ C. राज्य विधान स्वतः केंद्रीय विधि पर अधिभावी हो जाता है
- ✔ D. राज्य विधि पर केंद्रीय विधि तब तक अधिभावी रहती है जब तक कि राज्य विधि को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त नहीं हो जाती

Q.40 यदि संख्या 3975684 के प्रत्येक अंक में से 2 घटाया जाए तथा परिणामी अंकों को बाएं से दाएं आरोही क्रम में पुनर्व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं छोर से पांचवां अंक कौन-सा होगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✔ D. 5

Q.41 एक टाइपिस्ट को 2 पेज टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। उसे 89 पेज टाइप करने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 1785
- ✗ B. 1790
- ✔ C. 1780
- ✗ D. 1770

Q.42 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किसके अनुसार, संसद कानून बनाकर, किसी केंद्र शासित प्रदेश के लिए हाई कोर्ट बना सकती है।

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 238
- ✗ B. अनुच्छेद 240
- ✗ C. अनुच्छेद 239
- ✓ D. अनुच्छेद 241

Q.43 एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 140% अधिक अंकित करता है। 68% लाभ प्राप्त करने के लिए उसके द्वारा अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट प्रदान की जानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. 28%
- ✗ B. 32%
- ✗ C. 29%
- ✓ D. 30%

Q.44 किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{3}{10}$ पर बेचने पर अमन को 25% की हानि होती है। यदि वह उसे उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 77% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 92.5%
- ✗ B. 92.6%
- ✗ C. 90.6%
- ✗ D. 91.4%

Q.45 यदि दो संख्याओं का माध्यानुपाती 14 है तथा तृतीयानुपाती 112 है, तो वे संख्याएं ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4,49
- ✗ B. 14,14
- ✓ C. 7,28
- ✗ D. 4,44

Q.46 यदि सबसे छोटा पूर्णांक 28 है, तो पाँच क्रमागत सम पूर्णांकों का औसत कितना है?

Ans
- ✓ A. 32
- ✗ B. 33
- ✗ C. 31
- ✗ D. 30

Q.47 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के बाएँ से गिनती करने पर D और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, E के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। C, G के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। F, C के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। A, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
A के बाएँ से गिनती करने पर A और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.48 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रपति को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अनुसूचित जातियों को निर्दिष्ट करने का अधिकार देता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 342
- ✓ B. अनुच्छेद 341
- ✗ C. अनुच्छेद 344
- ✗ D. अनुच्छेद 330

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.49 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा?
GCW 10, FAT 16, EYQ 22, DWN 28, ?

Ans
- ✗ A. CVM 34
- ✓ B. CUK 34
- ✗ C. CUJ 33
- ✗ D. BUL 32

Q.50 20 नवंबर, 2025 को भारत ने किस देश के साथ व्यापक मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता प्रारंभ करने हेतु टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस (Terms of Reference-ToR) पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. कनाडा
- ✓ B. इज़राइल
- ✗ C. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ D. संयुक्त अरब अमीरात

Q.51 कौन-सी चित्रकला शैली, मिट्टी की दीवारों पर सफेद रंग का उपयोग करके अपनी एकवर्णी शैली के लिए जानी जाती है?

Ans
- ✗ A. गोंड (Gond)
- ✗ B. पहाड़ी (Pahari)
- ✓ C. वर्ली (Warli)
- ✗ D. मधुबनी (Madhubani)

Q.52 A, B की बहन है। C, D का भाई है। E, D का पति है। B, C की माता है। A का E से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता की माता
- ✗ B. पत्नी की माता
- ✓ C. पत्नी की माता की बहन
- ✗ D. माता

Q.53 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 6 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 72 है। यदि उनमें से एक संख्या 18 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 12
- ✓ B. 24
- ✗ C. 36
- ✗ D. 48

Q.54 विश्व के पहले कमर्शियल माइक्रोप्रोसेसर, इंटेल 4004 को निम्नलिखित में से किस वर्ष लॉन्च किया गया था?

Ans
- ✗ A. 1945
- ✗ B. 1960
- ✓ C. 1971
- ✗ D. 1985

Q.55 किस संगठन ने मनामा में अपना 46वां शिखर सम्मेलन समाप्त किया, जहाँ नेताओं ने गहन राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक एकीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए 'सखीर घोषणा' को अपनाया?

Ans
- ✗ A. इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC)
- ✗ B. अरब लीग
- ✓ C. खाड़ी सहयोग परिषद (GCC)
- ✗ D. संयुक्त राष्ट्र (UN)

Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ A. HK-JN
- ✘ B. AD-CF
- ✘ C. MP-OR
- ✘ D. IL-KN

Q.57 A को दिया जाने वाला वह अधिकतम मान क्या है जिससे 8-अंकों वाली संख्या 713A8845, संख्या 3 से विभाज्य हो जाए?

Ans
- ✘ A. 7
- ✘ B. 8
- ✔ C. 9
- ✘ D. 6

Q.58 पीयूष के पास ₹1407 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो बेटों, मनोज और आनंद के बीच विभाजित करता है, और उन्हें अपने-अपने हिस्सों को 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यह पाया जाता है कि मनोज के निवेश का मूल्य 16 वर्ष बाद उतना ही होता है जितना आनंद के निवेश का मूल्य 17 वर्ष बाद होता है। पीयूष ने आनंद को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✘ A. 837
- ✘ B. 737
- ✘ C. 520
- ✔ D. 670

Q.59 Kc, Cw की पुत्री है। Lu, Qk का पिता है। Ef, Kc की माता है। Qk, Ef का भाई है। Lu का Cw से क्या संबंध है?

Ans
- ✘ A. बहन की पुत्री
- ✔ B. पत्नी का पिता
- ✘ C. पत्नी का भाई
- ✘ D. पुत्री का पति

Q.60 यदि किसी चतुर्भुज PQRS के $\angle P, \angle Q, \angle R$ और $\angle S$ को क्रम से लेने पर उनका अनुपात 4 : 3 : 7 : 6 हो, तो चतुर्भुज PQRS किस प्रकार का होगा?

Ans
- ✘ A. समचतुर्भुज
- ✔ B. समलंब चतुर्भुज
- ✘ C. समांतर चतुर्भुज
- ✘ D. पतंग

Q.61 भारतीय खेल इतिहास में 'पय्योली एक्सप्रेस (Payyoli Express)' के नाम से किसे जाना जाता था?

Ans
- ✘ A. लिएंडर पेस
- ✔ B. पी.टी. उषा
- ✘ C. शोएब अख्तर
- ✘ D. सानिया मिर्जा

Q.62 ओडिशा के पाइका विद्रोह को इसके प्रतिभागियों की सामाजिक पृष्ठभूमि और पारंपरिक कार्यों के संदर्भ में प्रारंभिक उपनिवेश-विरोधी विद्रोहों के बीच विशिष्ट क्यों माना जाता है?

Ans
- ✘ A. यह मुख्य रूप से शहरी शिल्प संघों और व्यापारियों द्वारा संचालित था।
- ✘ B. यह विदेशी भृतक सैनिकों के समर्थन पर निर्भर था।
- ✔ C. इसका नेतृत्व स्थानीय प्रशासनिक भूमिकाओं वाली वंशागत नागरिक सेना (hereditary militia) द्वारा किया गया था।
- ✘ D. इसे राजस्व रियायतें चाहने वाले बड़े ज़मींदारों द्वारा संगठित किया गया था।

Q.63 राष्ट्रीय कथक नृत्य संस्थान को सामान्यतः निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. लखनऊ नृत्य विश्वविद्यालय
- ✗ B. नाट्य इंस्टीट्यूट ऑफ कथक एंड कोरियोग्राफी
- ✗ C. कथकली केंद्र
- ✓ D. कथक केंद्र

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से RILA का संबंध SKOE से है। उसी प्रकार, KEPO का संबंध LGSS से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, MJRT का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. NKTY
- ✗ B. NMWX
- ✗ C. NOYZ
- ✓ D. NLUX

Q.65 भारतीय संविधान निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में संसद को राज्य सूची में उल्लिखित मामलों पर कानून बनाने का अधिकार देता है?
1. राज्य सभा द्वारा उस आशय का प्रस्ताव पारित करने पर
2. राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान
3. राज्य के अनुरोध पर
4. अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को लागू करने के लिए
5. प्रधानमंत्री के विवेक पर

Ans
- ✓ A. केवल 1, 2, 3 और 4
- ✗ B. केवल 1, 2, 3 और 5
- ✗ C. केवल 2, 3, 4 और 5
- ✗ D. केवल 1, 2, 4 और 5

Q.66 P किसी वस्तु को Q को 50% लाभ पर बेचता है। Q उसी वस्तु को R को 32% हानि पर बेचता है। यदि R ने वस्तु के लिए ₹5406 का भुगतान किया, तो P द्वारा वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर खरीदा गया था?

Ans
- ✓ A. 5300
- ✗ B. 5299
- ✗ C. 5302
- ✗ D. 5301

Q.67 425 और 17 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 65
- ✗ B. 95
- ✗ C. 75
- ✓ D. 85

Q.68 DNA अणु, कोशिका के शेष भाग से संचार (communicate) करने के लिए जिस मध्यवर्ती का उपयोग करता है, वह निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. rRNA
- ✗ B. tRNA
- ✓ C. mRNA
- ✗ D. miRNA

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

145 141 133 121 105 ?

Ans
- ✓ A. 85
- ✗ B. 81
- ✗ C. 87
- ✗ D. 83

Q.70 निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक ने महिलाओं के हित के लिए आर्य महिला समाज की स्थापना की?

Ans
- ✗ A. मेहरबाई टाटा
- ✓ B. पंडिता रमाबाई
- ✗ C. ताराबाई प्रेमचंद
- ✗ D. सरला देवी चौधरी

Q.71 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) S # % 2 S 4 P # Z 4 B 8 5 R € * 8 © J & € N (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएँ से चौथा होगा?

Ans
- ✗ A. Z
- ✓ B. 4
- ✗ C. 2
- ✗ D. P

Q.72 एक वर्ग का क्षेत्रफल 8649 $cm^2$ है। इसका परिमाप एक सम षट्भुज के परिमाप के बराबर है। षट्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $5766\sqrt{3}$
- ✗ B. 5716
- ✗ C. $5762\sqrt{3}$
- ✗ D. 5758

Q.73 अंडमान और निकोबार द्वीप द्वारा कवर किया गया कुल क्षेत्रफल लगभग कितना है?

Ans
- ✓ A. 8,249 sq. kms
- ✗ B. 7,567 sq. kms
- ✗ C. 5,163 sq. kms
- ✗ D. 6,249 sq. kms

Q.74 वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा एक, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. LIF
- ✗ B. OLI
- ✗ C. XUR
- ✓ D. EVY

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी कैप, हेलमेट हैं। सभी हेलमेट, टोपी हैं। कोई भी टोपी, मुकुट नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी कैप, मुकुट नहीं है।
(II) कुछ टोपी, कैप हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.76 आर्थिक अवसंरचना, विकास में प्रत्यक्ष रूप से किस प्रकार योगदान देती है?

Ans
- ✔ A. अवसंरचना के विभिन्न खंडों का आउटपुट या अंतिम उत्पाद
- ✘ B. यह श्रम की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली मानव पूंजी में सुधार को प्रतिबंधित करती है।
- ✘ C. यह विभिन्न क्षेत्रों में भौतिक पूंजी के विस्तार और वृद्धि को सीमित करती है।
- ✘ D. यह विभिन्न क्षेत्रों में सभी इनपुट की समग्र उत्पादकता में कमी करती है।

Q.77 एक कार शहर A से शहर B तक 360 km की दूरी तय करती है। दूरी के प्रथम आधे हिस्से में यह 60 km/h की चाल से यात्रा करती है। यातायात के कारण, अगले 120 km की दूरी यह 40 km/h की चाल से तय करती है। शेष दूरी के लिए, यह प्रथम आधे हिस्से की चाल के समान ही चाल से चलती है। संपूर्ण यात्रा के लिए कार की औसत चाल (km/h में, दशमलव के बाद दो स्थानों पूर्णांकित) कितनी है?

Ans
- ✘ A. 49.43 km/h
- ✘ B. 50.43 km/h
- ✔ C. 51.43 km/h
- ✘ D. 52.43 km/h

Q.78 दिसंबर 2025 में, किस संगठन ने भारत भर के विश्वविद्यालयों में 'अंतरिक्ष प्रयोगशालाएँ' स्थापित करने हेतु प्रस्ताव निवेदन (RfP) निर्गमित किया?

Ans
- ✘ A. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST)
- ✘ B. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO)
- ✘ C. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
- ✔ D. भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe)

Q.79 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
47 ÷ 12 + 164 × 2 - 135 = ?

Ans
- ✔ A. 617
- ✘ B. 666
- ✘ C. 693
- ✘ D. 601

Q.80 (−9) − (−56) ÷ (−14) + (−2) × 9 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. −33
- ✘ B. −30
- ✘ C. −34
- ✔ D. −31

Q.81 ______________ वह परिष्कृत तकनीक है जिसका उपयोग हाई-स्पीड स्कैनर (जैसे व्यावसायिक परिवेशों या उन्नत पुस्तकालयों में) द्वारा भौतिक दस्तावेज़ से बहुत सटीक और विस्तृत डिजिटल इमेज कैप्चर करने के लिए किया जाता है, जिसका उपयोग प्रायः पुरालेखी (archival) प्रयोजनों के लिए किया जाता है।

Ans
- ✔ A. ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (OCR)
- ✘ B. मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकग्निशन (MICR)
- ✘ C. थर्मल प्रिंटिंग (Thermal Printing)
- ✘ D. इलेक्ट्रोस्टैटिक प्लॉटिंग (Electrostatic Plotting)

Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत की अर्थव्यवस्था में वैश्वीकरण का परिणाम है?

Ans
- ✘ A. राष्ट्रीयकरण
- ✘ B. निजीकरण
- ✘ C. उदारीकरण
- ✔ D. बहिःस्रोतन

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.83 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से GLOW का संबंध KQRY से है। उसी प्रकार, OVUA का संबंध SAXC से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, WFAE का संबंध निम्न में से किससे है?

Ans
- ✔ A. AKDG
- ✘ B. ZLEF
- ✘ C. CKEG
- ✘ D. BLCH

Q.84 C, D, N, O, P और Q एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। D क्रमांक 1 वाले तल पर रहता है। Q और P के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Q, C के नीचे रहता है। O और C के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D और C के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। N के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. तीन
- ✘ C. चार
- ✘ D. एक

Q.85 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

3 – 6 – 7 – 14 ; 12 – 24 – 25 – 50

Ans
- ✘ A. 25 – 50 – 25 – 35
- ✘ B. 15 – 30 – 60 – 62
- ✘ C. 11 – 22 – 21 – 42
- ✔ D. 20 – 40 – 41 – 82

Q.86 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) H F G J D J V D K P = % S O C B = % B + # (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✘ A. एक भी नहीं
- ✘ B. तीन
- ✘ C. दो
- ✔ D. एक

Q.87 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 41 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| xi | 30 | 40 | 55 | 95 |
| fi | 31 | X | 50 | 17 |

Ans
- ✘ A. 1298
- ✘ B. 1281
- ✔ C. 1277
- ✘ D. 1293

Q.88 येती बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर में 48 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, और 50 km चलता है, फिर वह दाएँ मुड़ता है और 54 km चलता है। इसके बाद वह फिर दाएँ मुड़ता है और 55 km चलता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 6 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुन: पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
- ✔ A. 5 km पूर्व की ओर
- ✘ B. 7 km पश्चिम की ओर
- ✘ C. 4 km पूर्व की ओर
- ✘ D. 6 km पश्चिम की ओर

Q.89 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 80% ने अपना वोट डाला और 20% वोट अमान्य पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 55% प्राप्त हुआ और उसने 368 वोटों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
- ✘ A. 5749
- ✔ B. 5750
- ✘ C. 5747
- ✘ D. 5751

Q.90 निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने स्वर्ण पन्नी प्रयोग के परिणामों के आधार पर परमाणु के नाभिकीय मॉडल का प्रस्ताव रखा था?

Ans
- ✘ A. नील्स बोहर (Niels Bohr)
- ✘ B. जॉन डाल्टन (John Dalton)
- ✔ C. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)
- ✘ D. जे. जे. थॉमसन (J.J. Thomson)

Q.91 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : KUC :: XHP : %

Ans
- ✘ A. # = EOX % = DNV
- ✔ B. # = EOW % = DNV
- ✘ C. # = EOW % = DNO
- ✘ D. # = FOW % = DNV

Q.92 यदि 7 : 63 :: 6.5 : x और 7 : 42 :: 4 : y है, तो x और y का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 37 : 17
- ✔ B. 39 : 16
- ✘ C. 40 : 14
- ✘ D. 43 : 26

Q.93 हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत पद्धतियों के बीच निम्नलिखित में से कौन-सी समानता है?

Ans
- ✘ A. समान रचनाओं का उपयोग
- ✔ B. राग और ताल पर आधारित आधारशिला
- ✘ C. केवल वाद्य संगीत पर ध्यान केंद्रित करना
- ✘ D. श्रुति अवधारणा का अस्वीकरण

Q.94 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में मौलिक कर्तव्य शामिल है?

Ans
- ✘ A. अनुच्छेद 61A
- ✔ B. अनुच्छेद 51A
- ✘ C. अनुच्छेद 41A
- ✘ D. अनुच्छेद 31A

**Q.95** सात व्यक्ति B, C, D, O, P, Q और R एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के बाईं ओर से गणना करने पर, P और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O और R के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में और ठीक बाईं ओर पड़ोस में क्रमशः कौन बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. P और B
- ✗ B. Q और D
- ✓ C. P और D
- ✗ D. B और R

**Q.96** निम्नलिखित में से कौन-सा वैज्ञानिक अनुसंधान में कंप्यूटर के उपयोग को दर्शाता है?

**Ans**
- ✗ A. वर्ड प्रोसेसिंग
- ✗ B. ऑनलाइन शॉपिंग
- ✗ C. टिकट रिजर्वेशन
- ✓ D. प्रयोगों का अनुकरण

**Q.97** इस प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) के रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 वृक्षों - L, M, N, T और V में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सा वृक्ष सबसे लंबा है?

कथन:
(I) M, V से लंबा है लेकिन N से छोटा है। M केवल एक वृक्ष से छोटा है।
(II) V, T से लंबा है।

**Ans**
- ✗ A. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
- ✓ C. अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ D. दोनों कथन I और II संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**Q.98** किस संविधान संशोधन के तहत राष्ट्रीय आपातकाल के लिए संसद द्वारा अनुमोदन की अवधि दो महीने से घटाकर एक महीने कर दी गई?

**Ans**
- ✗ A. 42वां संशोधन अधिनियम, 1976
- ✗ B. 38वां संशोधन अधिनियम, 1975
- ✗ C. 52वां संशोधन अधिनियम, 1985
- ✓ D. 44वां संशोधन अधिनियम, 1978

**Q.99** जलवायु विज्ञान में, किसी विशेष स्थान पर मौसमी परिस्थितियां के बारे में सबसे सटीक रूप से व्याख्या कौन करता है?

**Ans**
- ✗ A. स्थान की अक्षांशीय स्थिति
- ✓ B. क्षेत्र के दीर्घकालिक औसत वायुमंडलीय पैटर्न
- ✗ C. वायुमंडलीय तत्वों में अल्पकालिक उच्चावचन
- ✗ D. क्षेत्र का स्थायी जलवायु वर्गीकरण

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.100** m का वह मान ज्ञात कीजिए, जो निम्न समीकरण को संतुलित करेगा।

$$\left(\frac{13}{10}\right)^{4} \times \left(\frac{10}{13}\right)^{16} \times \left(\frac{13}{10}\right)^{17} = \left(\frac{10}{13}\right)^{3m+18}$$

**Ans**

✔ A. $-\frac{23}{3}$

✘ B. $-\frac{33}{3}$

✘ C. $-\frac{24}{3}$

✘ D. $-\frac{29}{3}$

"

Adda247